**खबर संक्षेप**

## अभया पांडेय का सुयश, सीबीएसई परीक्षा,12 वीं कक्षा मे गणित संकाय प्राप्त किये 93.6 प्रतिशत



**मण्डला।** केंद्रीय विद्यालय मण्डला सीबीएसई परीक्षा में 12 वीं कक्षा मे गणित संकाय में अभया पांडेय ने 93.6 अंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मेहनत के साथ साथ विद्यालय स्टाफ और माता पिता को दिया है। बतादें अभया ने कक्षा दसवीं मे 94.8 प्रतिशत अंक सीबीएसई परीक्षा मे प्राप्त किये थे। अभया पांडेय मुकेश पाण्डेय प्राचार्य हाई स्कूल बिझिंया और माता रंजना पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला की बेटी है। बेटी के अपना भविष्य लक्ष्य आईएएस बनने का बनाया है, बिटिया अभया को सभी शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## किले वाले बाबा का उर्स 20 मई से

**मण्डला।** हजरत बाबा बरहेना शाह रहमतुल्लाह अलैह (किले वाले बाबा) का उर्स 20 मई से शुरू हो रहा है। किले वाले बाबा उर्स कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी किले वाले बाबा का उर्स पूरी अकीदत के साथ मनाया जायेगा। 20 मई को मिलाद शरीफ के साथ उर्स की शुरुआत होगी। 21 मई को हजरत बाबा बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह से शाम 5 बजे जबलपुर का मशहूर बैंड राज कुमार बैंड से शाही संदल निकाला जायेगा जो शहर गश्त करता हुआ बाबा बरहेना शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में पेश किया जायेगा। 22 मई की शाम दरगाह में महफ़लि ए शमा का एहतिमाम किया गया है। महफ़लि ए शमा में नामचीन दरबारी कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। 21 - 22 मई को दरगाह में लंगर ए आम का भी एहतिमाम किया गया है। 23 मई की सुबह 5 बजे कुल की फातिहा के साथ ही उर्स का समापन होगा।

## प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 16 से

**मण्डला।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा 16 मई से 22 मई तक प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। जिला संयोजक अनिकेत चौरसिया ने बताया कि मां रेवती कॉलेज जंतीपुर परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में 4 संभाग, 10 विभाग एवं 34 जिलों के बजरंगी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यहां पर लगभग 300 बजरंगियों प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग को प्रांत क्षेत्र एवं केन्द्रीय पदाधिकारी अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां अंतिम चरण में बताई जा रही है।

### लगभग 1 करोड़ की राशि अपने खाते में अंतरित की

# नगर परिषद में लाखों का घोटाला

*** दैनिक वेतनभोगी बना नगर परिषद का मालिक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री इस बात का दावा करते हैं कि उनकी सरकार के द्वारा हितग्राहियों के हितार्थ भेजी गई राशि पूरी की पूरी संबंधित हितग्राही के खाते में पहुंचती है एक पैसा भी यहां से वहां नहीं होता न ही बीच में कोई दलाल कुछ कर सकता है लेकिन हम जिले की बात करें तो लगता है कि ऐसा संभव भी नहीं एक नहीं बहुत से उदाहरण हैं जबकि नियम विरूद्ध लाखों-करोड़ों की राशि उन लोगों के खातों में अंतरित की जा रही है जिनका इस लेन-देन से कोई संबंध नहीं। शासकीय राशि किन नियमों के तहत इन खातों में अंतरित की गई और फिर निकालकर कहां खर्च की गई इसका कोई हिसाब किसी के पास नहीं।*

आज के इस डिजीटल युग में जबकि एक पैसे का भी लेन-देन यदि बैंक के माध्यम से हो रहा है तो उसकी जानकारी देने वाले और लेने वाले दोनों को होती है इसके अलावा यदि शासकीय लेन-देन है तो संबंधित अधिकारी को भी इसकी जानकारी होती है बहुत से मामलों में तो बिना अधिकारी की सहमति के शासकीय राशि का हस्तांतरण संभव ही नहीं।

अब यदि किसी संस्था का कोई अदना सा कर्मचारी हो और उसके 3-3 बैंक खाते संचालित हों और इन खातों में संस्था की शासकीय राशि जो कि लाखों की है बाकायदा अंतरित हो रही है और फिर खाते से निकाली जा रही है राशि निकालकर कहां खर्च की जाती है इसका कोई उल्लेख किसी दस्तावेज में नहीं मिलता तो फिर से भ्रष्टाचार की किस श्रेणी में रखा जायेगा।




### क्या है मामला

मण्डला जिले की नगर परिषद भुआबिछिया यहां पदस्थ एक दैनिक वेतनभोगी के बारे में सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि किसी भी मद की राशि हो वह राशि इन्हीं के खाते में जमा होती रही है और यह सब कोई एक दिन या एक महीने में हुआ हो ऐसा भी नहीं वर्ष 2020 से लेकर वर्ष 2024 तक लगभग एक करोड़ की राशि इनके 3 बैंक खातों में जमा की गई लेकिन न तो परिषद के किसी अधिकारी को इसकी जानकारी हुई और न ही आयकर विभाग एवं अन्य कर विभाग के अधिकारियों को, जबकि कहा यह भी जाता है कि जिस खातें में अचानक से लाखों रूपये की राशि का लेन-देन होने लगता है वह खाता जांच अधिकारियों की नजर में आ जाता है और फिर उसको लेकर सर्तकता बरती जानी लगती है लेकिन एक दैनिक वेतनभोगी जिसकी मासिक आय लगभग 10 हजार रूपये प्रतिमाह होगी उस व्यक्ति के खाते में यदि 30 से 40 लाख रूपये जमा हो रहे हों तो उसका स्त्रोत तो ज्ञात होना ही चाहिये कि यह राशि कहां से आ रही है किसकी है और किस उद्देश्य से इस खाते में जमा की गई है।

हैरत की बात यह कि पिछले 4 वर्षो से यह गड़बड़झाला लगातार जारी है और किसी को इसकी खबर ही नहीं। इसी तरह के एक दैनिक वेतनभोगी इसी संस्था में और भी हैं जिनके खाते में भी लाखों की राशि अंतरित की गई और संस्था के दस्तावेजों में उल्लेख किसी और के नाम पर भुगतान दर्शाया गया।

नगर परिषद भुआबिछिया में वर्ष 2020 में जो ऑडिट हुआ उसमें उल्लेख किया गया था कि वर्ष 2016-17 एवं 2018-19 में वित्तीय त्रुटियाँ एवं अनियमित्ताओं को उल्लेखित करते हुये इनके निराकरण की बात कही गई थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया इस तरह की लगभग आधा सैकड़ा से अधिक आपत्तियाँ ऑडिट में उल्लेखित की गई थी जिस पर संस्था ने कोई भी ध्यान नहीं दिया।

### ईपीएफ की राशि व्यक्तिगत खाते में

नगर परिषद भुआबिछिया के कर्मचारियों के वेतन से काटी गई ईपीएफ राशि जो कि शासन के मद में जाना चाहिये थी वह एक दैनिक वेतनभोगी के खाते में कैसें अंतरित कर दी गई बैंक के द्वारा लगभग 30 लाख का आहरण दृष्टिगोचर तो होता है लेकिन कैसबुक और भुगतान पंजी में इसका कहीं उल्लेख नहीं मिलता।

### ऐरियर्स की राशि किया गया 02 बार भुगतान

सफाई कर्मचारियों के ऐरियर्स की राशि का भुगतान 09 दिन के अंतराल में 02 बार कर दिया गया यह भी उन्हीं सफाई कर्मचारियों को जिनकों एक सप्ताह पूर्व भुगतान किया गया था अब जांच का विषय यह है कि दोबारा किया गया ऐरियर्स का भुगतान उन सफाई कर्मचारियों के खाते में गया अथवा इन्हीं कलाकारों के द्वारा हजम कर लिया गया।

### अखबारों के बिलों का भुगतान भी इन्हीं के खाते में

कहा जाता है कि शासन में हो या फिर प्रशासन में कोई भी बड़ा व्यक्ति कम से कम मीडिया से तो बचकर चलता है लेकिन नगर परिषद भुआबिछिया के इस दैनिक वेतनभोगी की तो बात ही अलग है नगर परिषद के द्वारा अखबारों के विज्ञापनों एवं अन्य भुगतान जो अखबार के खाते में होना चाहिये थे वे भुगतान भी इसी दैनिक वेतनभोगी के निजी खातों में कर दिये गये यह व्यक्ति निश्चित रूप से एक बड़ा जादूगर है जो कि भुगतान कहीं का भी हो अपने खातों में करा लेने की कूबत रखता है और विगत 04 वर्षो से ऐसा कर भी पा रहा है और राशि अपने खाते से निकालकर कहां खर्च कर रहा है कोई पूछने वाला नहीं।

## युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल गयाजीपुर में युवा चरित्र निर्माण शिविर का कल शुभारंभ हुआ शिविर का ओम ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भीष्म द्विवेदी भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रिया धुर्वे व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। यह शिविर 13 मई से 19 मई 2024 तक चलेगा।

इस शिविर मं भाग लेने लगभग 75 छात्र विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे हैं यह 07 दिवसीय विशेष शिविर है जिसमें शस्त्र और शास्त्र के साथ-साथ विभिन्न विधाओं एवं विभिन्न आयामों की शिक्षा दी जा रही है शिविर में लगभग 50 बच्चे 18 वर्ष की उम्र से अधिक के हैं जबकि लगभग 25 बच्चे 11 वर्ष लेकर 18 वर्ष की उम्र के हैं ये बच्चे इसी गुरूकुल में रहकर 07 दिन अपने चरित्र का निर्माण करेंगे।

हरियाणा गुरूकुल से आये आचार्य विपिन एवं आर्यन इन छात्रों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा देंगे शिविर में भाग ले रहे छात्रों को सुबह 05 बजे उठना होगा और शौचादि से निवृत्त होकर 05:30 बजे मैदान में पहुंचना होगा जहां व्यायाम, योग एवं प्राणायाम कराया जायेगा तथा लाठी-तलवार, भाला चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा दोपहर को बौद्धिक कक्षायें आयोजित होंगी और शाम को पुनः मैदान में शस्त्र की शिक्षा मिलेगी बीच में स्वल्पाहार, भोजन एवं विश्राम के लिये समय निर्धारित किया गया है।



## नैनपुर पुलिस ने किया 02 चोरियों का फर्दाफाश, लाखों का सामान जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 08.05.2024 को फरियादी चंद्रेश कटियार पिता राजकुमार कटियार निवासी नैनपुर के द्वारा रिपोर्ट लेख कराया की रात्री में खैरमायी रोड सरस्वती स्कुल के बाजु में स्थित गोदाम में रखें 02 नग मोबाईल एंव नकदी 1,59,000 रुपये अज्ञात चोरों के द्वारा दरवाजे का ताला तोडकर चौरी करके ले गये, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 207/2024 धारा 457,380 भादविं का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त चोरी की घटनाओं के खुलासा हेतु एसडीओपी नैनपुर निर्देशन में टीम गठित की गयी। थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा के नेतृत्व में अपनी टीम के साथ काम करते हुयें मुखबिर तंत्र सक्रिय कियें। दिनांक 12.05.2024 को मुखबिर से सूचना मिलीं की आरोपी नैनपुर रेल्वे स्टेशन के पास बाहर जाने के लिये ट्रेन के इंतजार में बैठे है, सूचना पर टीम के द्वारा मुखबिर के बतायें अनुसार घेराबंदी कर आरोपियों को पकडा गया। आरोपियों ने उक्त चोरी की घटना के साथ साथ दिनांक 26.03.2022 को निवारी में डिलेवरी कंपनी के आफिस का ताला रात्री में तोडकर करने की घटना को स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 02 चोरीयों के मामलों में नकदी कुल 95840 रुपये एंव मोबाईन व अन्य सामग्री 83760 रुपये का कुल मशरुका 1,79,600 रुपये जप्त किया गया।



### ये आरोपी हुये गिरफ्तार

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों में परम मरकाम पिता धनसिंह मरकाम, उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर थाना नैनपुर जिला मडंला। गणेश मरकाम पिता मुनीम लाल मरकाम, उम्र 21 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर थाना नैनपुर जिला मंडला। ललिता ठाकुर पिता स्व रामसिंह ठाकुर, उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर थाना नैनपुर जिला मंडला शामिल हैं।

आरोपियों के पास से 01 नकदी 95840 रुपयें, 01 चांदी की ब्रेसलेट किमती 3760 रुपये , 02 जोडी नये जुते व 03 जोडी कपडें किमती 8000 रुपये, 01 नग डिजीटल वॉच किमती 3000 रुपयें, 05 नग मोबाईल किमती 72000 रुपयें, कुल 1,79,600 रुपये जप्त किये गये। साथ ही 01 लोहे की रॉड व 02 नग टुटे हुये ताले भी जप्त किये गये।

## वृद्ध आश्रम में बुजुर्गो को भेंट किये परिधान

**मण्डला।** कल दिनांक 13 में को मंडला जिला वृद्ध आश्रम में जाकर की जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज उईके की तरफ से 11 वृद्ध जन जिसमे 6 पुरुष और 3 महिला के साथ ही 2 रसोई बनाने वाली महिला भी शामिल है सभी पुरुष को कुर्ता पायजामा एवम महिलाओं को साड़ी का वितरण और मिस्ठान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल जागृति महिला मंडल अध्यक्ष सरोज ने सभी से चर्च भी की तथा भविष्य में भी मंडल की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया साथ ही मुकेश सोनी , शिवानी सोनी, शिवानी बर्वे,तिवारी मैडम, और रपटा घाट के अध्यक्ष श्री नरेश काछवाहा जी ने सभी का आभार किया और इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की।



**बैठक** | **ब्लेक स्पॉट चिन्हित कर रोड मार्किंग और संकेतक लगवाएं-डॉ. सिडाना।**

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अयोजित

*** सब्जी मण्डी को व्यवस्थित करने प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले के ब्लेक स्पॉट चिन्हित कर रोड मार्किंग और यातायात के संकेतक लगवाएं। वाहनों के फिटनेस की जांच करें। ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करें। इस संबंध में उन्होंने मनेरी में संचालित उद्योगों के प्रबंधकों की बैठक लेने के लिए जिला उद्योग अधिकारी तथा परिवहन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में संचालित ऑटो रिक्शा संचालकों के साथ भी बैठक आयोजित करें तथा उन्हें यातायात के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। स्कूलों में छात्र-छात्राओं को लाने-लेजाने के लिए लगी बसों तथा छोटे वाहनों की भी फिटनेस की जांच आवश्यक रूप से करें। सड़कों पर लगने वाले दुकान की सामग्री हटवाएं, आवश्यकतानुसार जप्ती की कार्यवाही भी करें। मानसून के पूर्व क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों का चिन्हांकन कर मरम्मत कराएं, डेंजर साईन आदि के संकेतक भी लगाएं।





बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। बाजार में सड़क पर खड़े वाहनों को जप्त करें तथा जुर्माने की कार्यवाही भी करें। बस स्टेंड में अनावश्यक रूप से खड़ी बसों को हटवाने की कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## विवेक हीन पोस्ट पर भड़का 'ब्राम्हण' समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मण्डला द्वारा आज दिनांक 13 मई 2024 को थाना प्रभारी सिटी कोतवाली थाना मण्डला को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन मे बताया गया है, कि सोशल मीडिया फेसबुक पर विवेक पवार नामक व्यक्ति द्वारा आपत्तिजनक धार्मिक कुतर्क प्रसारित आदि आपत्तिजनक पोस्ट की गयी है, जिससे पूरे ब्राम्हण समाज के आलावा अन्य समाज को आघात पहुंचा है।

माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मण्डला के अध्यक्ष एड. आकाश दीक्षित बताया कि बीते दिवस भगवान श्री परशुराम जयंती (अक्षय तृतीया) के दिवस पर स्थानीय ब्राम्हण समाज द्वारा पर्व मनाया गया। इसी पर्व के दौरान विवेक पवार नामक व्यक्ति ने स्वयं की फेसबुक पर अनावश्यकक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की है। साथ ही ब्राह्मण समाज के अशोक पाण्डे ने बताया कि इस व्यक्ति द्वारा पूर्व मे भी सोसल मीडिया मे आपत्ति जनक पोस्ट डाली गयी थी जिसकी शिकायत पहले भी की गयी थी जिसकी जांच लंबित है। वहीं राजा शुक्ला ने कहा कि ऐसे व्यक्ति के ऊपर न्याय संगत कठोर कार्यवाही की जाये। क्योंकि ऐसी अनर्गल, मिथ्या तर्क दुर्भावना एवं विद्वेष फैलाने की गरज से जान बूझकर स्वेपच्छा से प्रेषित/प्रसारित किए गये हैं जो प्रथम दृष्टि में अपराधिक कृत्य है।

### अभद्र टिप्पणी को लेकर सामाजिक दलों ने सोप ज्ञापन



कल शाम बिछिया थाने में विवेक पवार निवासी बिछिया द्वारा श्री परशुराम भगवान एवम सनातन धर्म के ऋषि मुनि के प्रति सोशल मीडिया फेसबुक में अभद्र टिप्पणी एवम भाषा का इस्तेमाल कर सामाजिक धार्मिक भावनाएं आहत करने एवम सनातन धर्म का अपमान करने का कार्य किया गया। जिसके विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज और हिंदू समाज बिछिया द्वारा पुलिस थाना बिछिया में नगर निरीक्षक धर्मेन्द्र प्रधान को ज्ञापन सौंपकर आरोपी विवेक पवार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई, जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज और और अन्य समाज सामाजिक दलों की उपस्थिति में जिसमे सुनील गर्ग, प्रहलाद दुबे अभिषेक पांडे, दीपक कटारे, विवेक कुमार पाण्डेय, वैभव मिश्रा, आदित्य मिश्रा, नीरज मिश्रा, नीरज भट्ट, दीपक पांडे, रजनीश पांडेय, अनिल राजपूत, बलदाऊ राजपूत, टोनी मिश्रा, रमाकांत तिवारी, अभय गर्ग आदि सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खुली नालियां बजा रहीं खतरे की घंटी

**गाडरवारा।** इस समय नगर में देखा जा रहा है कि नपा द्वारा जहां तहां निर्माण कार्य तो किये जा रहे है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में बन रही नालियों को बंद नही किये जाने के कारण वह आमजन के लिए खतरा की घंटी बजा रही है, जिसके चलते जहां आये दिन इन खुली पड़ी नालियों में मवेशी गिरकर घायल हो रहे है, वही दूसरी ओर वाहन चालक भी गिरकर घायल होने से नही बच पा रहे है, अब यह पता नही है कि यह नगरपालिका की उदासीनता का परिणाम है कि या फिर ठेकेदारों की मनमानी का? मगर सच्चाई यह है कि इस प्रकार से नगर में जहां तहां खुली पड़ी नालियों के चलते आमजन के जान के लिए खतरा जरूर बना हुआ है। इस बात की सच्चाई गत दिवस नगर के वार्ड में देखने मिली है, जहां पर मुख्य सड़क के किनारे बनी इस नाली में एक स्कूटी सवार व्यक्ति की अचानक गाडी जाकर नाली में गिर गई, जिसको उपस्थित लोगों द्वारा तुरंत निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से तो टल गया, मगर अब साबल यह उठता है कि नगर में सभी नालियों के पास इस प्रकार से सदा ही लोग किसी के जान बचाने के लिए तो खड़े रहेगे नही? जिसके चलते नपा से अपेक्षा की जाती है कि नगर में बन रही नालियों के निर्माण के दौरान ही उन्हें ऊपर से पेक कराये जाने की योजना बनाई जावे, जिससे लोगों की जिन्दगी खतरे में न पड सके।

### आंगनबाड़ियों में मंगल दिवस योजना बदहाल


**सांईखेड़ा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अपने गंतव्य स्थानो पर पहुंचा तो दी जाती है किन्तु उसके संचालन के लिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियां सौंपी जाती है वे पूरी तरह से लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है? कुछ ऐसा ही जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक आंगनवाड़ियो मे देखने को मिल रहा है,जहां मगल दिवस योजना अमंगल दिवस बनती नजर आ रही है, दरअसल आंगनवाडी केन्द्रो मे पोषण आहार योजना के अंतर्गत हर माह के मंगलवार के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, किन्तु इन कार्यक्रमो में भी जमकर पलीता लगाने का सिलसिला लगाया जा रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सरकार द्वारा चलाये जाने वाली आधे से अधिक आंगनवाड़ियों में योजनाए बराबर संचालित नही होते हुए जान पड़ रही है? जिसमें सबसे दयनीय हालत ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों की आंगनवाड़ियों की है जहां न तो विभाग के अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निरीक्षण करने पहुंचता है ऐसे में नाम मात्र की कार्रवाई कर दी जाती है, इन आंगनवाडियों की स्थिति पर गौर किया जाए तो वे बदहाल स्थिति से जूझ रही है न वहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही सामान रखने की।


### कम्प्यूटीकृत बैंकों में हो रहा कछुआ गति से काम

**गाडरवारा।** कम्प्यूटर युग के बावजूद भी बैंको मे राशि जमा करने व निकालने के लिये अगर एक दो घण्टे का समय लगें, लंबी लंबी कतारें खत्म न हो तो हमे 21 वीं सदी मे आधुनिकता की चादर ओढ़ने का गर्व नही करना चाहिए। नगर मे स्थित राष्टीयकृत बैंकों मे जिन ग्राहकों को पैसा जमा करने, ड्राप्ट बनवानें, शासकीय राशि जमा करने पहुंचते है तो उन्हे लंबी लाइन मे खड़े होकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। बैंको मे नोट गिनने की मशीन होने के बावजूद भी अन्य लिखा पढ़ी मे काफी विलंब होता है, जिससे ग्राहकों मे बैको की कार्यप्रणाली से परेशानी बढ़ी है। नगर सहित क्षेत्र के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राष्टीयकृत बैंक मे शासकीय राशि, चालान आदि पटाने में लोगो को भारी मशक्कत करनी पड़ती है, एक काम के लिये ही यहां पूरा दिन बर्बाद हो जाता है, जिससे लोगों के काम धाम पिछड़ते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस बैंक में कार्यरत कर्मियों के परिचतों के कार्य पहले निपटानें का भी चलन तेजी बढ़ते हुये देखा जा रहा है। संबंधित बैंक अधिकाारियों को चाहिए कि उपभोक्ताओं के काम आसानी से और कम समय पर निपटे ऐसी व्यवस्था बैंक मे बनाये, किंतु अधिकारी है कि कुर्सी पर चिपके रहते हुए देखा जाता है।

# तेज तपन के बीच मूंग फसल को बचाने में जुटा अन्नदाता

## बिजली की कटौती, दूसरी ओर इल्ली का प्रकाश किसानों की मेहनत पर फेर रही पानी







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रात दिन एक करते हुये खेतों में अन्न पैदा करते हुये देशवासियों का पेट भरने वाला किसान ही देश का आधार स्तंभ माना जाता है। मगर इन किसानों के साथ जिस तरह प्रकृति से लेकर सरकार द्वारा खेल खेला जाता है उसके चलते अन्नदाता की स्थिति लगातार बदहाल होती चली जा रही है। यह बात अलग है कि सरकार द्वारा आये दिन किसानों को इस बात का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये प्रयास किये जा रहे है और इसी भरोसे के आधार पर अन्नदाता किसान को न तो सूरज की तेज तपन देखता है और रात की नींद को नजर अंदाज करते हुये अपने खेतों में जुटा रहता है। मगर जब किसानों को खेती के लिये जब जरूरी सामग्री की जरूरत पड़ती है तो वह उपलब्ध नही होने से किसान लगातार टूटते चला जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जब खेतों में बोनी करने का समय आता है तो एक एक बोरी खाद के लिये किसानों को दिन दिन भर लम्बी लाईनों भूखे प्यासे लगा हुआ देखा जाता और उन्हें खाद नही मिल पाती है तो खाली हाथ जाने के बाद चुपचाप तरीके से फिर दूसरे दिन खाद दुकानों व वितरण केन्द्रो के सामने लग जाता है। वही दूसरी ओर जिस तरह डीजल सहित अन्य खेती संबंधी सामग्री के दामों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला चल रहा है उसके कारण महंगाई के बीच किसान अपने खेतों में लगाने वाली लागत को खड़ा कर पाना भी मुश्किल हो जाता है। कहने के लिये सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही है। मगर सच्चाई का पता तो किसानों के खेतों पर पहुंचने के बाद ही देखने मिलता है जहां पर बड़ी मुश्किलों के बीच मात्र चंद घंटे ही बिजली मिलने के कारण किसान अपने खेतों में बोई गई मूंग फसल की सिंचाई तक नही कर पा रहे है। इस समय देखा जा रहा है कि सूरज की तेज तपन के बीच किसान अपने खेतों में लगी हुई मूंग फसल को बचाने में जुटा हुआ देखा जा रहा है। स्थिति इस तरह से देखी जा रही है कि किसानों को निर्धारित समय पर बिजली नही मिलने के कारण वह जब चंद घंटे के लिये लाइरन चालू होती है तो भर दोपहरिया में अपनी सिंचाई लाईने बदलते हुये दिखाई देता है। दूसरी ओर किसानों की मूंग फसल में लगातार बढ़ रहे हल्ली के प्रकोप के चलते दिन दिन भर अनेक प्रकार की कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर बिजली लाईनों का रख रखाव नही होने के कारण आये दिन फाल्ट बनने के कारण लाईने बंद हो रही जिसके चलते उन्हें जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिल पाने के कारण जहां खेतों में मूंग सूखते हुये नजर आ रही है। अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग के ही कर्मचारियों की मिली भगत के चलते लोगों द्वारा अटल ज्योति योजना के लाईन से कंटी मारकर चलाये जा रहे नलकूपों के कारण लाईनों में फाल्ट होने का परिणाम आम किसानों ेि भोगने मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस तरह अटल ज्योति योजना की लाईन से क्षेत्र में अनेक प्रभावशाली लोग विभाग के कर्ताधर्ताओं की मिली भगत से अपने नलकू चलाते हुये देखे जा रहे है। कहने के लिये तो प्रदेश में किसानों की मदद से लेकर फसलों के संबंध में जरूरी जानकारियाँ उपलब्ध कराने के लिये कृषि विभाग बनाया गया है। मगर इस विभाग में बैठे हुये अधिकारी गांवों में जानकारी देने के लिये पहुंचने की बात दूर अपने कार्यालयों में दर्शन भी दुर्लभ होते हुये जान पड़ते है? जबकि नियम के अनुसार हर ब्लाक स्तर से लेकर सेक्टर स्तर पर कृषि अधिकारी नियुक्त रहते है जो समय समय पर किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें फसलों में लगने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर किसानों को अवगत कराने की जिम्मेदारी रहती है। मगर इन अधिकारियों का हाल इस तरह का रहता है कि आज तक उनके सेक्टर में शामिल गांवों के दर्शन नही किये गये होगे और अपने दायित्वों का निर्वाहन मात्र कागजों पर करते हुये पूरा करने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर किसानों की मदद के लिये केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सम्मान निधि से लेकर मुख्यमंत्री सम्मान निधि के माध्यम से हर साल किसानों के खेतों में 10 हजार रूपया प्रदान करने की बात कही जा रही है। मगर इस योजना का लाभ लेने के लिये क्षेत्र के किसान लगातार भटकते हुये देखे जा रहे है और यह योजना कागजों पर ही संचालित होते हुये देखी जा रही है। इस तरह लगातार बदहाली का शिकार हो रहे किसानों से जब चर्चा की गई तो क्षेत्र के किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों को जिस तरह मदद देने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र मंचों से लेकर कागजो तक सीमित रहने के कारण अन्नदाता किसान परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समय क्षेत्र के किसानों ने गर्मी मौसम की मूंग फसल अपने खेतों में बोई गई है। मगर उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली नही मिलने कारण वह सूखते चली जा रही है। इसी प्रकार से ग्राम बांसखेड़ा निवासी युवा कृषक महेश गुर्जर पटैल का कहना है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा जिस तरह कहा जाता है कि वह किसानों की मदद के लिये सदा उनके साथ खड़ी है। मगर सही मायने में देखा जावे तो सरकार का यह बादा सिर्फ वाही वाही लूटने तक ही सीमित देखा जा रहा है। क्योंकि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक अपनी मूंग फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली की जरूरत है। सरकार के रिकार्ड में किसानों को 10 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। मगर मुश्किल से चार से पांच घंटे ही बिजली मिलने के कारण हालत यह बनी हुई है कि किसानों की मूंग फसल सूखने की कगार पर पहुंचते हुये देखी जा रही है। इसी प्रकार से ग्राम घघरौला एक कहना है कि लगातार बदहाली का शिकार हो रहे किसानों की खोज खबर लेने वाला कोई नही है और किसानों की हाल इस तरह बन चुकी है कि वह अपने खेतों में फसल को तैयार करने के लिये लगाई जाने वाली लागत भी पूरी नही कर पा रहा है। क्योंकि डीजल सहित अन्य कृषि सामग्री के बढ़ते हुये दामों के हाल किसान लगातार परेशान होते चला जा रहा है। इसी प्रकार से ग्राम महगंवा निवासी राजाराम कौरव का कहना है कि आज सबसे अधिक परेशान सिर्फ देश का किसान देखा जा रहा है। क्योंकि जहां किसानों को एक ओर महंगाई मार रही है तो दूसरी ओर प्रकृति का खेल किसानों को बर्बाद करते हुये देखा जा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने बड़ी उम्मीदों से अपने खेतों में गर्मी मौसम की मूंग फसल बोई गई थी। मगर जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने के कारण खेतों में सूखते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर तैयार होते हुये मूंग फसल में जिस तरह इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लग रहे है उससे किसानों को अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है।



## ग्राम सहावन की सड़को पर बैशाख माह में दिखाई पड़ रहे सावन के नजारे, गंदा पानी सड़को पर बहने से स्थापित हो रहा कीचड़ का साम्राज्य

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** पंचायतों के विकास के लिये सरकार द्वारा मनमानी राशि देने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है तो दूसरी ओर स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर भी लाखों रूपया खर्च होने के बाद गांवों की स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि गांव के अंदर मुख्य मार्गो पर फैल रही गंदगी सहित नालियों का गंदा पानी चल रहे बैशाख माह में सावन के नजारे दिखाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। क्योंकि सावन माह में जब बारिश का दौर चलता है तो गांवों की सड़को पर कीचड़ होना आम बात हो जाती है। मगर इस समय चल रहे बैशाख माह में गांव की सड़को पर जिस तरह गंदगी का आलम देखने मिल रहा है। वही निश्चित तौर से पंचायत के विकास कार्यो सहित स्वच्छता सर्वेक्षण की सच्चाई पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली निर्मल ग्राम के रूप में घोषित ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। जब किसी पंचायत को शासन प्रशासन द्वारा निर्मल घोषित किया जाता है तो उसको साफ सफाई के नाम पर मिलने वाली राशि में इजाफा कर दिया जाता है। मगर इस पंचायत के हालत तो इस तरह से देखे जा रहे है कि गांव के सड़को पर इस तरह कीचड के नजारे देखे जा रहे है वह बारिश के दिनों में भी देखने नही मिल पाते होगे वह इस समय चल रहे बैशाख माह में देखे जा रहे है? इस तरह निर्माण ग्राम के नाम पर मनमानी राशि खर्च किये जाने के बाद भी ग्रामवासियों को जिस तरह गंदगी व कीचड़ के रहने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते जहां पंचायत की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े तो कर ही रहा है। वही दूसरी ओर चल रहे गर्मी मौसम में इस तरह सड़को पर गंदा पानी फैलने के साथ कीचड़ के कारण अनेक प्रकार के मच्छर पैदा होने के चलते लोग अपने घरों के आंगन व छतो पर भी रात के समय नींद नही ले पा रहे है। इस तरह ग्राम की सड़को पर कीचड़ का साम्राज्य होने के चलते अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## इंजीनियरों या फिर उनके रिस्तेदारों की दुकानों से सप्लाई हो रही पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो में सामग्री, जांच में स्पष्ट हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जिस प्रकार से ग्रामीण विकास की सपना संजोकर केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा गांवों का विकास करने के लिए मनमानी राशि प्रदान की जा रही है जिसके चलते पंचायतों में लगातार विकास कार्य हो रहे है। मगर उन विकास कार्यो में गुणवत्ता की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक प्रकार की सच्चाई सामने आते हुए देखी जा रही है? क्योंकि पंचातयों द्वारा निर्माण कार्यो के लिए खरीदी जाने वाली निर्माण सामग्री के नाम पर लगाये जा रहे बिलों में देखा जा रहा है कि अनेक बिल उन दुकानों के लगाये जा रहे है जो पंचातयों से जुड़े इंजीनियरों की दुकाने के है या फिर उनके किसी रिस्तेदार की दुकान से संबंधित बताये जाते है? जिसके चलते सही मायने में कहा जावे तो जनपद पंचायत सांईखेड़ा व चीचली क्षेत्र में पदस्थ अनेक इंजीनियरो द्वारा अपनी सरकारी नौकरी की आड़ में खुलेआम दुकानदारी करते हुए देखा जा रहा है तो कुछ इसी प्रकार का हाल निर्वाचित हुये पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों का देखा जा रहा है जिन्होंने पंचायत की शपथ लेते हुये अपने रिस्तेदारों को निर्माण सामग्री की दुकाने खुलबाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? क्योंकि इन क्षेत्र में पदस्थ अनेक इंजीनियरों की स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह वर्षो से एक ही जगह नियम विरूद्व तरीके से जमे हुए है और पंचायतों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य को पास करने के लिए पंचायतों के सरंपचों पर खुद या फिर



उनके किसी चहते रिस्तेदार की दुकान से निर्माण सामग्री खरीदने के दबाब बनाया जाता है। कभी कभी स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिलती है कि यदि कोई सरपंच इन इंजीनियरों के कहे मुताबिक दुकानों से निर्माण सामग्री नही खरीदता है तो उसके निर्माण कार्य को गुणवत्ता हीन बताते हुए बिलों के भुगतान को पास ही नही किया जाता है और जिस पंचायत द्वारा इनकी दुकानों से समान खरीदा गया है उस पंचायत का निर्माण कार्य भले ही किसी भी प्रकार से हुआ हो मगर उसको पास करने में यह इंजीनियर देरी नही लगाते है। इस प्रकार की सच्चाई को देखते हुए यह बात स्पष्ट होते हुए दिखाई दे रही है कि अनेक इंजीनियर लोग अपने पद की आड़ में खुलेआम दुकानदारी करते हुए देखे जा रहे है। कुछ इंजीनियरों की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि वह दूसरी विभाग के होने के साथ साथ अपनी जुगाड़ू व्यवस्था के चलते जनपद में अपना अगंद के समान पैर जमाकर दुकानदारी करते हुए देखे जा रहे है? जबकि नियम अनुसार बताया जाता है कि यदि कोई अधिकारी जनपद में शिक्षा विभाग के नाम पर नियुक्त होकर उसे यहां पर भेजा गया है तो वह सिर्फ शिक्षा विभाग से संबंधित ही कार्य देखने का अधिकारी माना जाता है। मगर अपनी पहुंच के बल पर वह अन्य कार्यो को भी देखते हुए अपनी दुकानदारी करने से नही चूक रहे है। इतना ही नही इस प्रकार से हो रही गफलतबाजी में अनेक बड़े अधिकारी भी शामिल है जिन्हें संपूर्ण जानकारियाँ होने के बाद भी इस बात की जांच करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है कि पंचायतों द्वारा निर्माण सामग्री खरीदी को लेकर जो बिल पेश किये जा रहे है वह दुकान किसकी है और कहा पर स्थित है तथा बिलों के आधार पर दुकानदार के खातों में जो राशि पहुंचाई जाती है उस खाते का वास्तविक मालिक कौन है? कुछ पंचायतों की सरपंचों द्वारा तो अपना नाम स्पष्ट न करने की सर्त पर यह तक बताया गया है कि इस प्रकार से भवन निर्माण सामग्री के साथ कुछ पंचायतों से जुडे इंजीनियरों द्वारा तो रेत रायल्टी के बिल तक काटे जा रहे है जो पूर्णरूप से नियम विरूद्व बताया जाता है। क्योंकि रेत का रायल्टी बिल देने का अधिकार सिर्फ रेत के ठेकेदार को होता है न कि किसी दुकानदार को? मगर क्षेत्र की पंचायतों में लगे हुए निर्माण समाग्री के बिलों की यदि निष्ठा पूर्वक जांच कराई जावे तो अनेक पंचायतों से चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी और वह बिल किसी इंजीनियर या फिर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के रिस्तेदारों की ही दुकानों से पाये जावेगे? इतना ही नही जनचर्चाओं द्वारा मिल रही जानकारियों के अनुसार तो यह तक बताया जाता है कि कुछ पंचायतों में तो निर्माण सामग्री खरीदने के नाम पर इस प्रकार की दुकानों के बिल लगाते हुए उनका भुगतान किया गया है जिन दुकानों का गाडरवारा में कोई आता पता ही नही है सिर्फ दुकानों के नाम पर बिल काटते हुए उनका भुगतान ही हुआ है? इस प्रकार से पंचायत के विकास कार्यो में संबंधित विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों की मिलीभगत से चल रही गफलबाजी की यदि किसी ईमानदार अधिकारी द्वारा जांच की जावे तो अनेक अधिकारी व कर्मचारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे?

## ग्राम कौड़िया में दो साल पहले सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण नजर आने लगा जहां के तहां..?

**हरिभूमि न्यूज/कौंडिया।** जहां एक ओर संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमा चौकड़ी मची रही है। वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़िया में देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राष्ट्रीय स्तर का सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर वेखौप दौडतें वाहनों से छोटे बडे जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर यहां पर जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमें प्रमुख




रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो सहित अन्य वाहन वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है। इसी के चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? वही दूसरी ओर यहां पर यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोगों ने जहां अपने घरों की ओंटा टिपटी मुख्य मार्ग से लगाकर बना लिये गये तो दूसरी ओर दुकानदार भी अपनी दुकानों को सड़क पर रखते हुये अतिक्रमण करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इस तरह मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही अतिक्रमण व जाम की स्थिति को ध्यान में रखते हुये लगभग दो साल पहले प्रशासन द्वारा यहां पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुये सड़क किनारे लगी हुई दुकानों को हटाया गया था। जिससे स्थिति में काफी सुधार देखने मिला था। मगर शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते वह दुकाने फिर जहां की तहां नजर आने से नही चूकरही है। इस तरह ग्राम के बीचों से निकले मुख्यमार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी। क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है। वही ग्राम के अनेक बैको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। जबकि पूर्व में यहां पर घटित हुई अनेक सड़क घटनाओं में लोगों की जाने भी जा चुकी है मगर इसके बाद भी प्रशासन की उदासीनता आमजन के लिये समझ से परे होती चली जा रही है? ग्राम के अंदर आये दिन निर्मित होने वाली इस स्थिति को लेकर लोगों द्वारा ग्राम कौड़यिा के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है जिससे लोगों के यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## किसानों को नहीं मिल रही उपयोगी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** किसानों को हर्ष होता है जब सरकार द्वारा किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए नई नई योजनाओं की घोषिणा की जाती है। मगर सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं का यदि सही लाभ मिल जावे तो निश्चित ही किसानों की सूरत बदलने में देर नही लगेगी जिसके चलते ग्राम के किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं को कृषि विभाग उनकी विश्वसनीयता को कम कर देते हैं। क्योंकि सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में चलाई जा रही अनेक योजनाओं का किसानों को लाभ इस स्थिति में नही मिल पाता है कि क्योंकि उन्हें जानकारी ही नही होती है। यदि किसानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उनके अनुसार क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पदस्थ



ग्राम सेवक को यहाँ के किसान पहचानते तक नहीं हैं, किसानों का कहना है कि उनके अनुसार आखिर हमें जानकारी देने का जिम्मा किसके हाथ में है। आखिर क्यों नहीं आते गाँव, क्यों नहीं करते जनसंपर्क, कौन देगा हमें जानकारी, कैसे मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ, यह सवाल सभी किसानों को परेशान किए हुए हैं। ग्राम सेवक का कार्यालय शहरों में है जहाँ उन्हें खोजना एक कठिन कार्य है। क्योंकि वो आते ही नही और यदि आते भी हैं तो अंजान हैं क्योंकि गाँव में उन्हें कभी देखा ही नहीं, इन दिनों किसानों के खेतो में लगी हुई गन्ना, मूंग की फसल सूख रही है, जिसके उपचार के बारे में बताने वाला कोई नहीं है? म.प्र.कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया है जहाँ बैठे वैज्ञानिक हमारे यहाँ के वातावरण से अंजान हैं और इसीलिए वो सही उपचार नहीं बता पाते और किसान उनके बताए अनुसार उपचार तो करता है लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता, नरसिंहपुर कृषि विभाग से माँग की गई है कि ग्राम में ग्राम सेवक को ग्राम का दौरा करने के निर्देश दें जिससे किसानों को अपनी समस्या से निदान मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### किसान 20 मई तक कर सकेंगे गेहूं का विक्रय

**अनूपपुर।** कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि में वृद्धि करते हुए 20 मई 2024 तक बढ़ाई गई है। अब जिले के किसान गेहूं विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्रों पर 20 मई तक स्लॉट बुक कर गेहूं विक्रय कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।

### कमिश्नर ने शिक्षकों से की चर्चा

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में चाय का लुत्फ उठाते हुए अनूपपुर जिले के शिक्षक राजबहोर पयासी, छोटे लाल सिंह, पी.सी. कुशवाहा, रवि शंकर पनिका से चर्चा की तथा शिक्षको के विचार एवं अनुभवों से रूबरू हुए। इस दौरान कमिश्नर ने शिक्षकों से विद्यालय की गतिविधि, विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षा व्यवस्था, नैतिक शिक्षा, स्कूल की परेशानी, स्कूल भवन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव कमिश्नर के समक्ष रखें। इस दौरान उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष व महिला खिलाड़ियों का हुआ चयन

**अनूपपुर।** जिला वालीबाल संघ अनूपपुर ने 69वीं राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष महिला का 12 मई को जिला खेल परिसर अनूपपुर में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा की उपस्थिति में खिलाड़ियों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 26 मई तक मुरैना जिले के अंबाह में होगी। इस प्रतियोगिता में जिले से 12 खिलाड़ियों का पुरुष वर्ग में एवं 12 खिलाड़ियों का महिला वर्ग में चयन किया गया है। इनके चयन पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, उपाध्यक्ष सोमनाथ प्रचेता, अमित शुक्ला सचिव रामचंद्र यादव, सहसचिव एवं स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल, सहसचिव हरिशंकर यादव, जितेंद्र पनिका सहित सभी वालीबाल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए एवं चयन पर आर्शीवाद एवं बधाई दी।

### भारत ज्योति स्कूल सहित 3 अन्य स्कूलों की मान्यता समाप्त का प्रस्ताव

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय सहित जिले की अशासकीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कई कमियां पाई गई थीं, जिसमें फीस वृद्धि की जानकारी, पुस्तकों की सूची सभी दुकानदारों को उपलब्ध नही कराए जाने तथा मापदण्ड के अनुसार संस्था संचालित नही करने पर कारण विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था।

# अग्निवीर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में अग्निवीर भारतीय सेना में भर्ती हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संबोधन ब्रिगेडियर प्रताप सिंह राणावत, कलेक्टर विकास मिश्रा, कर्नल गगन मल्होत्रा, कर्नल धीरू सिंह, महेश चन्द्र, मनीष कुमार, संतोष तिवारी, राजकुमार भारतीय सेना मुख्यालय जबलपुर से आए ब्रिगेडियर ने जिले के सात विकासखंड से आए 17 वर्ष 6 महीने से 21 वर्ष तक के युवा युवतियों को कार्यशाला में शामिल हुए। जिसमें आर्मी भर्ती प्रभारी जबलपुर गगन मल्होत्रा ने भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दु युवाओं से फार्म भरने से लेकर चार वर्ष के कार्यकाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अग्निवीर भर्ती में महत्वपूर्ण बिन्दु शारीरिक परीक्षा की तैयारी में रखी जाने वाली सावधारियों के बारे में जानकारी दीं।उद्देश्य-अग्निवीर सेना भर्ती में जिले की संख्या कम होने के कारण भारतीय सेना भर्ती कार्यालय केन्ट जबलपुर के द्वारा युवा युवतियों में अग्निवीर भर्ती में जाने हेतु प्रोत्साहन महत्वपूर्ण



कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे जिले के आगामी छः माह में होने वाली अग्निवीर भर्ती में जिले के युवा युवतियां अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो सकें।ब्रिगेडर प्रताप सिंह राणावत ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय सेना देश की रक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिससे देश के अन्दर में होने वाली गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित होती हैं। आर्मी में रहकर सेवा देने वाला व्यक्ति अपने आप में गौरान्वित करता है कि मैंने की देश की सेवा में अपना जीवन यापन किया है। इस अग्निवीर भर्ती हेतु केवल 10वीं पास या अधिक पढने वाला युवा ऑनलाइन आवेदन भरकर जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति का 10वीं के पास के बाद सेलेक्शन होता है तो वह सेवाकाल के दौरान अपनी पढाई को निरंतर रख सकता है। अग्निवीर सेवा के दौरान कोई सिपाही शहीद दिखाई देता है तो उसे भी रेगुलर सिपाही की भांति शहीद की राशि परिवारजनों को उपलब्ध कराई जाती है। ब्रिगेडियर ने महत्वपूर्ण भारतीय सेना के जवानों के एक विशेषता की सेना में सेवा करने वाला जवान को शपथ दिलाई जाती है कि यदि सेवा के दौरान देश की सुरक्षा में मेरी जान जाती है तो मैं कभी पीछे नहीं हटूंगा। यही गौरान्वित सेवा भारतीय सेना की होती है। अग्निवीर कार्यशाला में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला, एस. के. द्विवेदी एवं समस्त प्राचार्य डिंडौरी, समस्त विद्यालय के शिक्षक, उद्योग प्रबंधक श्रीमती राधिका कुसरे, खेल अधिकारी मो. अहमद खान, पुरूषोत्तम राजपूत, सुश्री आरती सोंधिया, समस्त व्यायाम शिक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने डिंडोरी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आवश्यक निर्देश दिए



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर ने डिंडौरी के 26वें स्थापना दिवस की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें बताया कि 25 मई को डिंडौरी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा स्वास्थ्य को केनद्रित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। 25 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 180 ऐसे बच्चों को सुविधा दी जाएगी जिनके माता पिता नहीं हैं। ऐसे बच्चों के लिए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा सुविधा आदि के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित करते हुए ऐसे बच्चों के लिए उचित मैपिंग करने के निर्देश दिए। 25 मई के दिन आयोजन कराने के लिए कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी, महिला एवं बाल विकास विभाग और जनजाति कार्य विभाग को निर्देशित किया।कलेक्टर ने बताया कि 26 मई को ग्राम चाड़ा में स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। जिसमें अरविंदो महाविद्यालय इंदौर की 45 सदस्यीय टीम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगी। जिसके लिए जिला प्रशासन के आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग और महिला बाल विकास विभाग को कलेक्टर ने तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कैंप का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक किया जाए। जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया जा सके। साथ ही शासकीय कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य समस्याएं होने पर कैंप के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कैंप का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलना चाहिए इसलिए अभी से तैयारी करें।कलेक्टर ने कहा कि 27 मई को डिंडौरी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ही उत्कृष्ट विद्यालय में वन मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत पूरे जिसे से विभिन्न वैद्य आयुर्वेद शास्त्र पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इसी के तहत उत्कृष्ट स्कूल में ही एसएल वर्ल्ड का कार्यक्रम भी होगा। इस कार्य हेतु कलेक्टर ने आयुष विभाग, वन विभाग सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य वाटर स्पोटर्स अकादमी की सेलिंग प्रतिभा चयन का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा म.प्र. के प्रत्येक जिले में टेलेंट सर्च दल प्रभारी के द्वारा राज्य वाटर स्पोटर्स अकादमी की सेलिंग विधा वर्ष 2024-25 के प्रतिभा चयन का आयोजन आज दिनांक 13 मई 2024 को कलेक्ट्रेट प्रांगण खेल इंडौर खेल परिसर में किया गया। इस सेलिंग खेल अकादमी में भर्ती हेतु जिले भर के ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के 8 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे शामिल हुए। जिसमें 184 खिलाडियों को प्री चयन किया गया। पूरे म.प्र. के खिलाड़ियों का अंतिम ट्रायल भोपाल वाटर स्पोटर्स बडी झील में होगा। सेलिंग खेल प्रभारी अनिल शर्मा, शेखर वाथम म.प्र. वाटर स्पोटर्स अकादमी भोपाल खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान, चेतराम अहिरवार, आरती सोंधिया, रोशन झारिया, राजकुमार एवं समस्त ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे। जिन खिलाडियों का चयन होगा उन्हें खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल में शिक्षा, भोजन, खेल का प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होगी।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की। सर्वप्रथम रेडक्रॉस डे के दिन आयोजित स्वास्थ्य कैंप के सफल आयोजन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि स्वास्थ्य कैंपों का वास्तविक परिणाम कैंप में पंजीकृत लाभार्थियों को उचित रूप से फॉलोअप करने के बाद मिल सकेगा। इसलिए उक्त कैंप में आए सभी लोगों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने रेवा स्वास्थ्य कैंपों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैंपों के दौरान चिन्हित कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता से कार्य करें।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने गत सप्ताह आयोजित स्वास्थ्य कैंप, समर कैंप और मदर्स डे कार्यक्रम के सफल आयोजन के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने दिव्यांग सुगन्धि को सम्मानित किया। सुगन्धि ने हाल ही में 10वीं परीक्षा पास की हैं और वे पैर से लिखती हैं। साथ ही दिव्यांग संदीप झारिया की शिक्षिका सुश्री मेघा को स्टॉर ऑफ द मंथ से सम्मानित किया।

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक के तहत पीएचई विभाग के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बजाग क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। पेयजल आपूर्ति को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए पाइप लाइनों पर समन्वय बनाते हुए लोक निर्माण विभाग के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों को निपटाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि न्यायिक अवमानना की स्थिति में अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सीमांकन, बटवारा आदि प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। सीमांकन के मामले में अमरपुर तहसीलदार के द्वारा सर्वाधिक मामलों को हल किया गया। वहीं शहपुरा में गत सप्ताह सबसे कम सीमांकन कार्य किए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों के प्रचलित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें।

कलेक्टर ने पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा की जिसके तहत उन्होंने निमार्णाधीन आवास, पेयजल आपूर्ति, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई केवाईसी आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होने कहा कि पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति को बताएं और शेष कार्यों को समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षों की संख्या की तुलना में वृक्ष की स्थिरता पर जोर दें। वृक्षारोपण के लिए कलेक्टर ने वन विभाग और कृषि विभाग से ऐसे पौधों की सूची जारी करने को कहा जिसमें दीर्घ आयु होने की संभावना हो।

कलेक्टर मिश्रा ने विद्युत विभाग से कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि खुले तारों की उचित रूप से निगरानी करें। बिजली की करंट से होने वाले नुकसान पर त्वरित कार्यवाही करें। बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए मॉनीटरिंग करें।

कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद की सफाई कार्यों का जायजा लिया। सीएमओ शहपुरा के द्वारा यह बताया गया कि बारिश के मद्देनजर सफाई का कार्य किया जा रहा है। शहपुरा तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगतिशील है जिसे समय पर पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने दोनो सीएमओ को क्षतिग्रस्त मकानों की जानकारी देने के लिए कहा। जिससे बारिश में कोई भी घटना न हो।

कलेक्टर ने अन्य विभागों की भी समीक्षा करते हुए गेंहू उपार्जन, फसलों की बुआई, सिंचाई व्यवस्था, पशुओं का टीकाकरण, समर कैंप आदि विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइनों के लंबित मामलों पर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों को त्वरित निपटान करने के निर्देश दिए। जिनमें जल संसाधन, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग आदि को त्वरित निपटान करने के लिए कहा। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





## मातृत्व को समर्पित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में पंकज साहू को मिला प्रथम स्थान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** अंतर्राष्ट्रीय मदर्स डे के अवसर पर कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में जनसंपर्क विभाग द्वारा मातृत्व थीम पर आयोजित ओपन फोटोग्राफी प्रतियोगिता प्रतिबिंब के प्रथम संस्करण आयोजित की गई थी, जिसका मदर्स डे के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन कार्यक्रम संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शहपुरा नगर के होनहार पत्रकार एवं कुशल फोटोग्राफर पंकज कुमार साहू, शेरू भाई की छाया चित्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। चयनित होने पर जनसंपर्क अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। कलेक्टर डिंडोरी एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडोरी सहित पत्रकार संघ ने बधाई प्रेषित की है।

### जिले में नल-जल योजना अंतर्गत सभी कार्य कराएं पूर्ण - कलेक्टर

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नल-जल योजना के अंतर्गत सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी गांव-गांव भ्रमण करें तथा पेयजल की स्थिति की जानकारी भी समय-समय पर लें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत कोठी में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने नल-जल योजना के तहत एक सप्ताह के भीतर जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### गृहे गृहे गायत्री यज्ञ 23 मई को

**तेंदूखेड़ा-** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में लाखों घरों में एक ही दिन एक ही समय में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन विगत वर्षों के अनुसार यह आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिजनों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है, वहीं वातावरण के परिशोधन पर्यावरण सुरक्षा देव परिवार निर्माण वैचारिक उत्कृष्टता संस्कारों की पुर्नस्थापना आत्मशक्ति के अभ्युदय समर्थ राष्ट्र निर्माण बुद्धि के विकास सुख शांति लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव और घर में गायत्री परिवार के परिजन प्रज्ञा मंडलों के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपने अपने घरों मे गायत्री यज्ञ करने की अपील की है। इसी सिलसिले मे गायत्री परिवार तेंदूखेड़ा द्वारा तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक तथा 23 मई को हनुमान मंदिर परिसर मे बृहद आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ की गई है।

### सड़कों पर लगता है जाम छोटे बाहन बने मुसीबत

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों तेंदूखेड़ा में छोटे बाहन मनचले ढंग से खड़े हो जाने के कारण मुख्य सड़क मार्गों पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है एवं घटनाएं बढ़ने की असंका बढ़ जाती है। छोटे छोटे बाहन सड़क किनारे या फिर दुकानों के सामने खड़े हो जाने के कारण भारी बड़े बाहनों को आवागमन में परेशानी हुआ करती है। स्थिति यह बन जाती है कि बाहनों की लंबी लंबी कतारें सड़कों पर जाम लगा देती है फिर विवाद की स्थिति बनती है। साप्ताहिक बाजार के दिन कुछ ज्यादा ही समस्या निर्मित हो जाती है। यहां पर पार्किंग की उचित व्यवस्था ना होने के कारण बाहन चालक अपने कहीं भी बाहन खड़े करके चलते बनते हैं।

### करिश्मा का सुयश



**तेंदूखेड़ा-** गत दिवस घोषित हुये केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों मे शिक्षक विनोद श्रीवास्तव की सुपुत्री करिश्मा श्रीवास्तव ने हाई स्कूल परीक्षा कक्षा 10 वीं मे 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विभिन्न विषयों मे विशेष योग्यतायें हासिल की है करिश्मा की इस सफलता पर परिजनों एवं शुभ चिंतकों ने अपनी अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सीएम राइज स्कूल में जारी 13 दिवसीय समर कैंप का समापन



**नरसिंहपुर** । सीएम राइज विद्यालय में 13 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का भव्यता पूर्ण समारोह के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, महावीर स्टेशनरी के अजित जैन के साथ ही अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। आपको बतादें कि समर कैम्प में विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार सिसोदिया के निर्देशन में विद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टाफ का सराहनीय सहयोग से 150 से अधिक बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न कलाओं मे पारंगत किया गया। समर कैंप में राजस्थानी पेंटिंग, आर्ट, गोदना कला, मधुबनी आर्ट, कठपुतली, बंगाली आर्ट, डांस, पेंटिंग, ड्राइंग, खेलकूद, कम्प्यूटर, व्यायाम के साथ ही व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक तमाम विधाओं में बच्चों को पारंगत किया गया।

**बायपास सड़क का त्तिर्माण कार्य हो जाने के बाद भी मुख्य सड़क से बिना रोक-टोक गुजर रहे वाहन**

# नरसिंहपुर जिले में यातायात व्यवस्था बेपटरी, भारी वाहनों के चलते बाजारों में लगा रहा जाम

नरसिंहपुर

भारी वाहनों को निकलने के लिए बायपास सड़क का त्तिर्माण कार्य हो जाने के बाद भी मुख्य सड़क से बिना रोक-टोक के भारी वाहन निकलते हैं, जिसके कारण भगतराम चौराहे के पास वाहनों की क्रासिंग के समय वाहनों का जाम लग जाता है और इसको हटाने के लिए कोई पुलिस कर्मचारी भगतराम चौराहे पर नहीं रहता है। जिसके कारण जाम वाहनों की कतार इतनी लम्बी हो जाती है, कि यह पूरा सड़क मार्ग पर अराजक स्थिति निर्मित हो जाती है।

कुछ दुकानदार के आस पास खरीददारों के वाहन सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिसके कारण वाहनों की क्रासिंग नहीं हो पाती है। मुख्य बाजार के अधिकांश दुकानदार अपनी दुकान के बाहर सड़क पर कब्जा करके सामग्री को रखते रहते हैं जिसके कारण मुख्य बाजार की सड़क अत्यंत सकरी हो जाती है सड़क पर दुकानदार जो सामग्री रखते है। उसको हटाने की दिशा में पुलिस एवं नगरपालिका के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।




### दुकानें खुलते ही गायब हो जाती है सड़क

गोटेगांव के मुख्य बाजार में दिन के समय भारी वाहन वाले बायपास सड़क मार्ग से वाहन ले जाने की अपेक्षा अंदर ले आते हैं, जिसके कारण हालात सड़क के बिगड़ जाते है। इन भारी वाहनों को रोकने के लिए कोई पुलिस कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है जिसके कारण भारी वाहन वाले मनमानी करके वाहन को मुख्य बाजार की सड़क पर ले आते हैं। जब दुकानें मुख्य बाजार की बंद रहती है, उस वक्त उक्त सड़क की चौड़ाई नजर आती है और जब दुकानें खुल जाती है, तो सड़क की चौड़ाई गायब हो जाती है। क्योकि इस वक्त अस्थायी रूप से दुकानदार अतिक्रमण करके खरीददारों को दिखाने मार्ग के दोनों ओर सामग्रियां रख देते हैं। जिसके चलते सड़क ही गायब हो जाती है।

### नहीं मौजूद रहता कोई यातायात कर्मी

भगतराम चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी नहीं रहती है, पुलिस थाना में यातायात कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से ऐसे स्थलों पर पुलिस कर्मचारी को तैनात किया जाता है, मगर कुछ दिनों से भगतराम चौराहे पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए कोई कर्मचारी नहीं रहता है। शाम के समय दो बड़े स्कूलों की छुट्टी होती है, उस समय सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे मुख्य सड़क से पैदल और साईकिल से निकलते है उस समय हालात और ही बिगड़ जाते है। ऐसे वक्त स्कूली बच्चे वाहनों के जाम में फंसे रहते है। वही सड़क किनारे जो हाथ ठेला वाले सड़क पर अपना ठेला लगाए रहते है, ऐसे हाथ ठेला वालों को भी व्यवस्थित करने की जरूरत है। मगर पुलिस द्वारा रोक, टोक नहीं की जाती है, तो हाथ ठेला वाले अपनी मनमानी करके जहां इच्छा होती है, वहां पर ठेला खड़ा कर लेते है।

### हमेशा बना रहता है हादसों का खतरा

क्षेत्रीयजन बताते है, कि गोटेगांव का बेतरतीब यातायात लोगो को काफी परेशान कर रहा है। मार्ग में लगने वाला आए दिन का जाम जहां अन्य वाहन चालकों को जाम में फंसकर हलाकान कर रहा है, वही भारी वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। वे बताते है, कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियो से कई बार इस समस्या के निराकरण की मांग की गई है। लेकिन आज तक बेतरतीब यातायात से इन्हे मुक्ति1नहीं मिल पाई है।

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम हुए घोषित**

# कक्षा 12 वी से हर्षिता नामदेव 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ रही टापर



**नरसिंहपुर** । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10 मई को सत्र 2023-24 की कक्षा 12 वी एवं कक्षा 10वी के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर का कक्षा 12 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा एवं कक्षा 10 वीं का भी कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत आने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर देखी जा रही है। कक्षा 12 वी से हर्षिता नामदेव 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ टापर रही एवं कक्षा 10 वी से प्रिंसका लोधी 92.6 प्रतिशत के साथ रहीं। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान मो. सोहेल उस्मानी 82 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कु अक्षांशा साहू.80.80 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान शुभी बुनकर 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान हर्षिता नामदेव 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। मास्टर अभिनव लोधी. 94 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान श्रुति अग्रवाल 77 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। कक्षा 10वी में प्रथम स्थान कु प्रिंसिका लोधी 92.60 प्रतिशत अंक और सौम्या साहू 91.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान मास्टर विकास चौधरी. 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे एवं पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर के समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भैंसा स्कूल का हो रहा गुणवत्ताहीन कार्य, घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

नरसिंहपुर

श्रीधाम अंतर्गत ग्राम भैंसा पंचायत में हाईस्कूल परिसर में भवन निर्माण कार्य मे गुणवत्ताहीन घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जमकर धांधली की जा रही है। यहां पर भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। स्कूल के चल रहे निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत स्थानीय नागरिक कर रहे हैं। स्कूल भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसके अभाव से निर्माण कार्य में लीपापोती कर पतीला लगाया जा रहा है। समय से पहले ही किए गए निर्माण कार्य ध्वस्त होने की आशंका लोगों के बीच बनी हुई है, अतः ठेकेदार को उच्च क्वालिटी की गुणवत्ता से निर्माण कार्य कराना चाहिए।

### मिट्टी मिक्स रेत एवं घटित ईट का उपयोग

ठेकेदार के द्वारा कार्यस्थल न पर एस्टीमेट एवं डीपीआर सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी का बोर्ड न लगाकर कार्य को निपटाया जा रहा है। निर्माण में लग रही समाग्री भी घटिया लगाई जा रही है। लेकिन यहां जो रेत लगाई जा रही है, मिट्टी मिलवा देखी जा रही है। वहीं गिट्टी, सीमेंट का मिलान भी सही अनुपात नहीं किया जा रहा है। मिट्टी मिक्स रेत एवं घटिया किस्म की ईंट से निर्माण कार्य चल रहा है।

### नींव बनी कमजोर तो इमारत कैसे टिकेगी

अब ऐसे में सवाल उठता है, कि जब नींव ही कमजोर बनेगी तो इमारत कैसे टिक पाएगी। निर्माण कार्य के दौरान साइट पर कोई भी अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी मौके पर नहीं मिला। जिससे ऐसा प्रतीत होता है, कि अधिकारियों ने भवन ठेकेदार को घटिया किस्म के मटेरियल का उपयोग करने की मौन सहमति दे दी है। जिसके चलते ठेकेदार के द्वारा निर्माण के



दौरान कार्य में घटिया किस्म की मिट्टी युक्त रेत घटिया ईंट सहित गिट्टी, मेंट का सही अनुपात में न मिलाकर अपनी मनमर्जी करते हुए धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। लोगों ने यह भी बताया, कि निर्माण स्थल पर एस्टीमेट एवं डीपीआर का निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार बोर्ड नहीं लगाया है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

स्कूल भवन को लेकर ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही की जानकारी जिम्मेदारों को भी दी गई है, लेकिन आज तक कोई भी यहां हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा है। ग्रामीण बताते है, कि ठेकेदार और अधिकारियों की सांठगांठ के चलते ही घटिया निर्माण किया जा रहा है। ताकि अधिकारियों सहित ठेकेदार अपनी जेब भर सकें। आमजन कहते है, कि स्कूल जैसी इमारत जहां नन्हे, मुन्ने बच्चे पढ़ने के लिए आते है, वहां पर इस तरह का घटिया निर्माण किया जाना भविष्य के लिए बडे. हादसे का आमंत्रण देने जैसा है।

# मातृत्व दिवस पर समाज में माताओं के योगदान को लेकर की चर्चा



**नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मातृ दिवस मनाया गया मूल्यनिष्ठा समाज में माताओ का योगदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि महिमा केसरवानी, श्रीधाम फिटनेस ग्रुप की इंचार्ज कंचन गुप्ता, प्रीति पटेल, विद्याश्री स्कूल की प्रिंसिपल सीमा गुप्ता, मीना अग्रवाल रही। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने विचार रखें। जिसमें विद्याश्री स्कूल की प्रिंसिपल सीमा गुप्ता ने कहा, कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आने से हमें एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है, हम टाइम नहीं निकाल पाते, लेकिन फिर हम कोशिश करेंगे की अपना थोड़ा सा टाइम निकाल कर यहां आएंगे और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करेंगे। बेस्ट संगठन की अध्यक्ष महिमा केसरवानी ने कहा, कि मां शब्द में ही शक्ति समाई है, मां हमारी सच्ची गुरु होती है। मां का हमें सम्मान करना चाहिए, मां हमारे लिए अनमोल धरोहर श्रीधाम फिटनेस ग्रुप की इंचार्ज कंचन गुप्ता ने बताया, हमारी सुबह ही मां शब्द से होती है। रात भी मन से होती है, मन नहीं तो हमारा जीवन नहीं मां के बिना जीवन सोना है, मां हमे श्रृंगारती पालती बड़ा करती है। मां ही हमारे जीवन का आधार है, इसलिए मां का सम्मान अवश्य करें। प्रीति पटेल ने बताया, कि मां का बच्चे से रिश्ता जन्म के पेहले से ही जुड़ जाता है। मां अपने बच्चों के दुख, सुख का एहसास करती है। अगर बच्चा दूर भी रहता है, तो उसकी आवाज से मन को एहसास हो जाता है, कि बच्चा खुश है, या दुखी है। मां के अंदर वह शक्ति है, जो बच्चे के दुख, दर्द को पहले से ही समझ जाती है। मां को सदा खुश रखें अरे संस्था की संचालिका संस्था की संचालिका मीना बहन ने राजयोग मेडिटेशन कराया एवं बताया, कि जहां मां.बाप हंसते हैं। उसे घर में उसे घर में भगवान बसते हैं, इसलिए भगवान को भी मां बनाएं मां बनाकर के उससे बातें करें। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। डॉ राखी अग्रवाल, मंगल खारिया, रश्मि खारिया, संगीता पटेल, रेखा पटेल, कमला, ज्योति नामदेव, सुशील सोनी, आशा सेन, भगवती नामदेव, श्याम शांति, नितिशा सोनकर, नीलम सहित बड़ी संख्या मं मातृशक्तियों की उपस्थिति रही।

## परमहंसी गंगा आश्रम में धर्ममयी आयोजन में जुटे विधायक और समाज

# महाअधिवेशन में हुई वनवासियों के हितों की रक्षा को लेकर चर्चा

**नरसिंहपुर।** परमहंसी गंगा आश्रम में महाअधिवेशन का आयोजन द्वारका शारदा पीठाधीश्वर महाराज श्री के सानिध्य में परमहंसी गंगा आश्रम में किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ पं राजकुमार शास्त्री एवं दीपक शास्त्री द्वारा मंगलाचरण कर किया गया। तत्पश्चात गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, रूप सिंह, दुरग सिंह, नारायण सिंह, टीकाराम ठाकुर, बैनी सिंह, काशीराम ठाकुर द्वारा महाराज श्री का पादुका पूजन किया गया। फिर महेंद्र नागेश विधायक गोटेगांव, दशरथ ठाकुर, राम दयाल ठाकुर, निरपत सिंह ठाकुर, लाल ठाकुर, हुकूम सिंह ठाकुर, नरेंद्र पाण्डेय, रमेश प्रसाद पटेल, गजराज पटेल, गणपत ठाकुर द्वारा पूज्य महाराज श्री का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात दुरग सिंह ठाकुर, रूप सिंह उईके जिला पंचायत सदस्य, परम पटेल, नारायण ठाकुर, सरपंच झोंतश्वर, मेलाराम, सरपंच भामा, विनोद उईके, जगत सिंह ठाकुर, सरपंच बुड़ेना, नटवर लाल जोशी अध्यक्ष, पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज ने अपना उद्बोधन दिया।

### 1966 में हुई थी भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल की स्थापना

ब्रह्मलीन द्वि पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के द्वारा अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल की स्थापना सन् 1966 में आदिवासी वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धार्मिक उत्थान सामाजिक उत्थान के लिए की थी। जब ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले आदिवासी वनवासी भाइयों, बहनों की वस्तुस्थिति को देखा, तो उन्होंने उनके उत्थान के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल अनेकों शाखाएं की स्थापना की। जो अपने अपने क्षेत्रों में निवासरत आदिवासी वनवासी भाइयों, बहनों के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। ब्रह्मलीन गुरुदेव द्वारा इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य समाज से दूर क्षेत्रों में जहां पर लोगों की पहुँच आवागमन संचार आदि के साधनों संसाधनों का अभाव था तथा आदिवासी वनवासी क्षेत्र के लोगों में धार्मिक चेतना की कमी थी। उनमें धार्मिक जन जागृति का संचार कर उन्हें सत्य सनातन धर्म का ज्ञान एवं परम ब्रह्म परमात्मा की शरण में लाना था। इसलिए उनके द्वारा गांव-गांव में देवालयों का निर्माण कराया गया तथा देवालयों में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन जैसे रामायण पाठ, श्री रामचरित मानस पाठ, मुण्डारी भाषा में, सुंदरकांड पाठ, श्री हनुमान चालीसा पाठ के लिए प्रेरित किया। जिससे लोगों में धार्मिक जन चेतना का विस्तार हो।

# तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चल रहे धार्मिक आयोजन

**तेंदूखेड़ा**-वैशाख मास में तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जगह जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। जहां श्रद्धालु श्रोता बड़ी संख्या में पहुंचकर धार्मिक लाभ उठा रहे हैं।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

नगर के वार्ड क्रमांक 4 पटवारी मुहल्ला में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्रीगणेश सोमवार से गणेश पूजन कलशयात्रा के साथ बाल व्यास पं आकाश वैष्णव के मुखारविंद से किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली इस कथा का विश्राम 19 मई को होगा। कथा यजमान लज्जा शंकर प्रजापति एवं परिजनों ने सभी श्रोताओं से उपस्थिति की अपील करते हुए 20 मई को भंडारे प्रसादी वितरण में भी शामिल होने की अपील की है।

### वार्ड क्रमांक 08 में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

बांके बिहारी एवं राधा रानी की असीम अनुकंपा मां नर्मदा की परम कृपा से नगर के वार्ड क्रमांक 08में प्रतिष्ठित राय परिवार सुंदर राय सरिया पानी वालों के द्वारा अपनी नातिन के जन्मोत्सव पर आगामी दस मई से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन पं सत्यम तिवारी जी के मुखारविंद से किया जा रहा है। विशाल कलशयात्रा के साथ गणेश पूजन तथा दूसरे दिन से राज ऋषि परिक्षित जन्म श्री



शुकदेव चरित्र ध्रुव चरित्र अजामिल प्रसंग प्रहलाद उपाख्यान श्री राम कृष्ण जन्मोत्सव श्री कृष्ण बाल लीला माखन चोरी कालिया नाग उपाख्यान अन्नकूट महारास कंस बध रुक्मणी मंगल विवाह सुदामा चरित्र फूल होली शांति हवन प्रसाद भंडारे के साथ ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन होगा। मुख्य यजमान ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



### मां पीतांबरा प्राकट्य उत्सव 15 को

पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट पर मां पीतांबरा धाम का 15 मई को प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। यहां पर विराजमान साधक पूज्य गुरुदेव ने बताया कि इस दिन सुबह 11 बजे से पूजन अर्चन एवं भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील शिष्य मंडली द्वारा की गई है।

### श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ 17 मई से.

श्री श्री मां पराम्बा राजराजेश्वरी, श्री श्री मां जगतानंदी नर्मदा के अनन्य साधक, तपोनिष्ठ संत प्रवर, परम पूज्य सदगुरुदेव, श्री स्वामी जी महाराज की पावन तपोस्थली, श्री राजराजेश्वरी मंदिर, श्री कैलाश कुटी आश्रम, नर्मदा उत्तर तट, हीरापुर, तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर में वैशाख शुक्ल नवमी 17 मई से वैशाख पूर्णिमा 23 मई 2024 तक 35वां श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ का विराट अनुष्ठान परम पूज्य सदगुरुदेव स्वामी जी महाराज हीरापुर वालों की प्रेरणा, आशीर्वाद एवं संयोजकत्व में आयोजित किया जा रहा है। धर्म अनुष्ठान में प्रतिदिन याज्ञिक विधि विधान के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया गया है। अनुष्ठान की संपन्नता 23 मई वैशाख पूर्णिमा को पूर्णाहुति से होगी एवं इसी दिन महाप्रसादी भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। श्रद्धालुजन एवं शिष्य परिवार के सभी सदस्य अनुष्ठान में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित कर सकते हैं।

# गैस उपभोक्ताओं को केवाईसी करवाना जरूरी



**तेंदूखेड़ा-** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के निर्देश अनुसार सभी उज्जवला गैस उपभोक्ताओँ को गैस एजेंसी पर जाकर गैस कनेक्शन की ई केवाईसी 31 मई तक करवाना अनिवार्य है। जिसमे गैस उपभोक्ताओ को गैस से संबंधित सब्सिडी का लाभ मिलता रहेगा अन्यथा गैस उपभोक्ताओ को परेशानी का सामना करना पढ़ सकता है ।

### सुरक्षा के बताए जा रहे उपाय

संचालक रामकुमार ठाकुर ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि उपभोक्ताओं को जागरूक करने की मंशा से सुरछित गैस का इस्तेमाल करने के लिए आशीर्वाद भारत गैस एजेंसी के स्टॉप द्वारा घर घर जाकर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जा रही है। और गैस पाइप बदलने की अपील की जा रही है। गैस कम्पनियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि 5 वर्ष पुराने उपभोक्ताओं के सुरक्षा होज (पाइप ) को अनिवार्य रूप से बदलना होगा जिसमें गैस से संबंधी किसी भी दुर्घटना से बचा जा सकता है।